दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

वर्ष-12, अंक-44 मंगलवार 14 फरवरी, 2023, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes



## संक्षिप्त समाचार

## अग्रवाल कॉलेज के विद्यार्थियों ने यूथ20 प्रोग्राम में लिया हिस्सा

बल्लबगढ़, 13 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा। सोमवार को अग्रवाल कॉलेज के विद्यार्थियों के समूह ने प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के कुशल दिशा निर्देशन में जवाहरलाल नेहरू ऑडिटोरियम



नई दिल्ली में आयोजित हेल्थ, वेलबिंग एवं स्पोर्ट्स यूथ20 प्रोग्राम में शिरकत की। यह प्रोग्राम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार व प्रजापति ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविधालय माउंट आबू के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया।

इसमें देश के प्रतिष्ठ शिक्षण संस्थानों के हजारों युवाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्य वक्ता के रूप में बहन कुमारी शिवानी ने युवा पीढ़ी के लिए स्वास्थ्य, भलाई एवं खेल के महत्व पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि मेडिटेशन से ध्यान केंद्रित करके व्यक्ति बाहरी आडंबरों बचा रहेगा व अपने कैरियर के प्रति सजग रहकर अच्छा नागरिक बनकर देश के प्रति अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन कर सकेगा। अग्रवाल महाविद्यालय के 10 विधार्थियों के दल के साथ अध्यापक इंचार्ज सुभाष कैलोरिया सहायक प्राध्यापक उपस्थित रहे।